# चित्रकूट-पुलिस

**(1).** नारी सुरक्षा, नारी सम्मान, नारी स्वालंबन, महिला सशक्तिकरण, महिला कल्याण एवं बाल विकास के प्रति चलाये जा रहे "मिशन शक्ति अभियान-4" के तत्वाधान में जनपद के समस्त थानों की एण्टी रोमियों टीमों/''शक्ति दीदी'' द्वारा विभिन्न सार्वजनिक स्थल एवं ग्रामों में भ्रमण कर महिला एवं बालिकाओं को महिला सुरक्षा सम्बन्धी उपायों के प्रति जागरुक किया गया।

"मिशन शक्ति अभियान-4" व ''शक्ति दीदी'' अभियान के तहत आज दिनांक 13.03.2025 को पुलिस अधीक्षक चित्रकूट श्री अरूण कुमार सिंह के निर्देशन में जनपद में नोडल अधिकारी मिशन शक्ति क्षेत्राधिकारी राजापुर श्रीमती निष्ठा उपाध्याय के पर्यवेक्षण में समस्त थाना क्षेत्रो में एण्टी रोमियों टीमों द्वारा विभिन्न सार्वजनिक स्थलों एवं ग्रामो में भ्रमण किया गया । महिलाओं/बालिकाओँ को "मिशन शक्ति" व ''शक्ति दीदी'' के सार्वजनिक स्थलो जैसे-चौराहे, बाजारों को असामाजिक तत्वों से मुक्त कराये जाने तथा महिलाओ एवं बालिकाओं के साथ राह चलते छेडखानी, अभद्रता, अश्लील प्रदर्शन तथा अभद्र टिप्पणियाँ इत्यादि की घटनाओं को रोकने के लिये जागरुक किया गया तथा महिला/बालिकाओं को सुरक्षा संबंधित सेवाएँ जैसे यू0पी0-112 नम्बर/वूमेन पावर लाइन 1090/यूपी कॉप एप/181 महिला हेल्प लाइन/1076 मुख्यमंत्री हेल्प लाइन/1098 चाइल्ड हेल्प लाइन/102 स्वास्थ्य सेवा/108 एम्बूलेन्स सेवा/1930 साइबर हेल्पलाइन के बारे में जानकारियां दी गई । इस दौरान उपस्थित महिलाओं/बालिकाओं को अवगत कराया गया कि सभी थानों में महिलाओ की सुरक्षा/सहायता हेतु एक महिला हैल्पडेस्क बनाया गया है, जहाँ पर महिला पुलिसकर्मी द्वारा महिलाओं की शिकायत सुनी जाती है तथा समय से उनका निस्तारण किया जाता है । इसके साथ ही मौजूद महिलाओं/बालिकाओं को महिला सुरक्षा सम्बन्धी चलायी जा रही हेल्पलाइन नम्बरों के सम्बन्ध में पंपलेट वितरित करते हुए विस्तार से जानकारी देने के साथ ही सभी महिलाओं/बालिकाओ को हेल्पलाइन नम्बर का निर्भीक होकर उपयोग करने हेतु तथा महिलाओ को आत्मनिर्भर बनने व निर्भीक होकर अपने अपने क्षेत्र में कार्य करने/शिक्षा ग्रहण करने के लिये प्रेरित किया गया तथा सोशल मीडिया पर अपनी प्राइवेसी रखते हुये उसका प्रयोग करने के लिये कहा गया । इसी क्रम में महिलाओं/बालिकाओ को जनपद में गठित "एंटी रोमियो स्क्वायड" टीम के बारे में अवगत कराया गया तथा बताया गया कि सादे वस्त्रों में तथा प्राइवेट वाहनों से सार्वजनिक स्थलों यथा- स्कूल, कालेज व कोचिंग संस्थान के आसपास व ऐसे स्थान जहाँ पर महिलाओ एवं बालिकाओ का अधिकतर आवागमन होता है उनको भौतिक रुप से चिन्हित कर शोहदो/मनचलो के द्वारा Eve Teasing इत्यादि आपत्तिजनक हरकतो को रोकने के उद्देश्य से सघन चैकिंग कर लोगो से पूछताछ की जाती है व अनावश्यक रुप से मौजूद शोहदो/मनचलो को हिदायत/कार्यवाही की।

**(2).** आज दिनाँक 13.03.2025 को पुलिस अधीक्षक चित्रकूट श्री अरुण कुमार सिंह निर्देशन में आगामी होली त्यौहार व रमजान को सकुशल संपन्न कराने के दृष्टिगत एवं शान्ति एवं सुरक्षा व्यवस्था सुदृढ़ बनाये रखने हेतु चित्रकूट पुलिस के थाना/चौकी प्रभारियो द्वारा थाना/चौकी क्षेत्र के मिश्रित आबादी क्षेत्र एवं भीड़ भाड़ वाले स्थानों पर पैदल गस्त किया गया पुलिस टीमों द्वारा दुकानदारों, व्यापारीबंधुओँ एवं क्षेत्रीय नागरिको से वार्ता कर सुरक्षा का भरोसा दिलाया। पैदल गस्त के दौरान पुलिस टीम द्वारा सड़क पर हो रहे अतिक्रमण, शराब की दुकान, रेलवे स्टेशनों,होटल/ढाबो, 02/04 पहिया वाहन एवं संदिग्ध व्यक्तियों की चेकिंग की गयी।

**(3).** पुलिस अधीक्षक चित्रकूट अरूण कुमार सिंह के कुशल निर्देशन में अपर पुलिस अधीक्षक चित्रकूट श्री चक्रपाणि त्रिपाठी के पर्यवेक्षण में प्रभारी एसओजी/सर्विलांस के नेतृत्व में एसओजी/सर्विलांस टीम द्वारा गुमशुदा/खोये हुए कुल 11 अदद मोबाइल फोन जिनकी अनुमानित कीमत लगभग 01 लाख 50 हजार रूपये है को बरामद किया गया।

उल्लेखनीय है कि गुम/खोए हुए मोबाइल के धारकों द्वारा पुलिस अधीक्षक के समक्ष अपना मोबाइल खोने के सम्बन्ध में पूर्व में विभिन्न तिथियों में प्रार्थना पत्र दिये गये थे, जिस क्रम में पुलिस अधीक्षक द्वारा एसओजी/सर्विलांस टीम को गुम/खोए हुए मोबाइल फोन की बरामदगी हेतु निर्देश दिये गये थे। प्रभारी सर्विलांस/स्वाट टीम निरीक्षक श्री एम.पी. त्रिपाठी के नेतृत्व में सर्विलांस/स्वाट टीम द्वारा लगातार प्रयास करते हुए 75 गुमशुदा/खोए हुए मोबाइलों की बरामदगी करते हुए एसओजी/सर्विलांस प्रभारी श्री एमपी त्रिपाठी एवं प्रभारी शिकायत प्रकोष्ठ उ0नि0 श्री पवन प्रधान के नेतृत्व में आज दिनाँक-13.03.2025 को मोबाइल धारकों को सुपुर्द किया गया।

**<u>बरामदगीः-</u>**

11 अदद मोबाइल फोन (अनुमानित कीमत लगभग 01 लाख 50 हजार रूपये)

**<u>बरामदगी करने वाली टीमः-</u>**

1.प्रभारी एसओजी/सर्विलांस निरीक्षक श्री एम.पी. त्रिपाठी
2.प्रभारी शिकायत प्रकोष्ठ उ0नि0 श्री पवन प्रधान
3.मुख्य आरक्षी नीतेश समाधिया
4.मुख्य आरक्षी जितेन्द्र कुमार
5.आरक्षी रोहित सिंह
6.आरक्षी आशीष यादव
7.आरक्षी ज्ञानेश मिश्रा
8.आरक्षी पवन राजपूत
9.आरक्षी राघवेन्द्र
10.आरक्षी रोशन सिंह
11.आरक्षी गोलू भार्गव

**(4).** जिलाधिकारी चित्रकूट श्री शिवशरणप्पा जीएन, जिलाधिकारी सतना श्री सतीश यश कुमार, पुलिस अधीक्षक चित्रकूट श्री अरुण कुमार सिंह, मुख्य विकास अधिकारी श्रीमती अमृतपाल कौर, अपर जिला अधिकारी वित्त एवं राजस्व श्री उमेश चंद्र निगम, अपर पुलिस अधीक्षक सतना श्री विक्रम सिंह, पूर्व सांसद श्री आरके सिंह पटेल, पूर्व सांसद श्री भैरव प्रसाद मिश्रा, अध्यक्ष नगर पालिका परिषद कर्वी श्री नरेंद्र गुप्ता, दीनदयाल सोध संस्थान से श्री अभय महाजन, कोऑपरेटिव बैंक चित्रकूट बांदा श्री पंकज अग्रवाल, पूर्व जिला अध्यक्ष श्री चंद्र प्रकाश खरे, उप जिलाधिकारी मझगवां श्री एपी द्विवेदी, पुलिस क्षेत्राधिकार कर्वी श्री राजकमल, संतोषी अखाड़ा से सीतारमण जी, गायत्री परिवार से रामनारायण त्रिपाठी, कामदगिरि से मदन गोपाल व अन्य संत महात्माओं की उपस्थिति में रामनवमी के अवसर पर चित्रकूट गौरव दिवस की तैयारी के संबंध में अधिकारियों, संत महात्माओं, माननीय जनप्रतिनिधियों एवं मध्य प्रदेश के अधिकारियों के साथ बैठक कलेक्ट्रेट की सभागार में संपन्न हुई। बैठक में सभी संगठनों व्यापार मंडल, होटल संघ, अधिवक्ता संघ व संत महात्माओं द्वारा अपने-अपने विचार रामनवमी के लिए दिए। श्री अभय महाजन ने कहा कि माननीय प्रधानमंत्री जी ने कहा था कि अपने-अपने शहरों का गौरव दिवस मनाएं इसके पूर्व नानाजी देशमुख ने कहा था कि 50 किलोमीटर की परिधि तक दीपोत्सव का कार्यक्रम होना चाहिए, उन्होंने कहा कि जनता की पहल व पुरुषार्थ यह नाना देशमुख जी की पहल थी इसमें समाज का भी सहयोग मिला, उन्होंने कहा कि समाज का कार्यक्रम है इसमें सभी

लोग की सहयोग की अपेक्षा है। कहा कि गायत्री पीठ, दीनदयाल शोध संस्थान व सामाजिक संगठन द्वारा सभी लोगों ने परिक्रमा मार्ग रामघाट व पूरे क्षेत्र में लगभग 11 लाख दीपक जलाए गए थे यह सभी समाज के सहयोग से हुआ था उन्होंने कहा कि हर घर में कम से कम पांच दीपक मठ मंदिरों में दीपक जलाएं कहा कि कोई भी परेशानी होती है तो अवगत कराए। उन्होंने कहा कि विभिन्न संगठनों द्वारा व व्यापार मंडल होटल संघ अधिवक्ता संघ से अपेक्षा रहेगी की इस वर्ष 21 लाख दीपक सायंकाल 7:00 बजे रामनवमी के दिन जलाए जाएं, कहां की मिट्टी के दीपक अधिक न उपलब्ध होने पर आटे के दीपक बनाकर जलाएं जिससे कि प्रदूषण भी नहीं फैलेगा ।सभी लोगों ने कहा कि ग्राम मोहल्ला में घर के सामने रंगोली व राष्ट्रीय ध्वज घरा ेगेटो में भी लगे ।कुछ प्रमुख संगठनों ने कहा कि सोशल मीडिया में अपने-अपने विचार डालें जिससे कि जनपद चित्रकूट के लिए प्रचार प्रसार हो सके कहा कि वार्डो में सभासदों के साथ बैठक करें एवं यह भी निर्धारित करें कि वार्ड व मोहल्लों में दीपक जलाने के लिए सभासदों को भी नामित किया जाए। संतोषी अखाड़ा से श्री सीता रमन जी ने कहा कि गौरव दिवस भगवान राम की विजय के रूप में मनाया जाता है उन्होंने कहा कि स्वयं की प्रेरणा से एवं जनसंपर्क व समाज के माध्यम से किया जा सकता है कहा की जन मानस तक पहुंचे जिससे कि व्यापक प्रचार प्रसार किया जा सके। ग्रामीण क्षेत्रों में राष्ट्रीय ध्वज पर ऊं लिखा हो अपने सुझाव दिए ।नगर पालिका अध्यक्ष श्री नरेंद्र गुप्ता ने कहा कि यह बुंदेलखंड का गौरव है कि भगवान रामचंद्र जी के विजय दिवस को रामनवमी के रूप में मनाया जाता है उन्होंने कहा कि बुंदेलखंड की विधाओं पर कार्यक्रम जनपद के प्रमुख प्रमुख स्थलों पर किया जाए।

जिलाधिकारी श्री शिवशरणप्पा जीएन ने उपस्थित अपर जिलाधिकारी वित्त एवं राजस्व, उप जिलाधिकारी /ज्वाइंट मजिस्ट्रेट कर्वी ,पुलिस क्षेत्राधिकारी श्री राजकमल, जिला पंचायत राज अधिकारी, पर्यटन अधिकारी को निर्देशित किया कि सभी लोग क्वाडनेट कर सकुशल चित्रकूट गौरव दिवस को मनाए ।उन्होंने जिला पर्यटन अधिकारी को निर्देशित किया कि इसके प्रचार प्रसार के लिए भी व्यवस्था सुनिश्चित कराएं ।उन्होंने पुलिस क्षेत्राधिकार को निर्देशित किया कि टाइम रूट का भी समन्वय बनाकर कार्य करें। जिलाधिकारी सतना श्री सतीश यश कुमार ने कहा कि ट्रैफिक नियम का पालन करते हुए कार्यक्रम को सफल बनाया जा सकता है उन्होंने उप जिलाधिकारी व पुलिस क्षेत्राधिकारी सतना को निर्देशित करते हुए कहा कि होटल ट्रेड स्थल व संगठन से समन्वय बनाकर दीपक जलवाएं उन्होंने मुख्य चिकित्सा अधिकारी को निर्देशित किया की पिछली कार्यक्रम से बेहतर कार्यक्रम करें। कहां की मध्य प्रदेश व उत्तर प्रदेश दोनों जनपदों के लोग क्वाडनेट करके स्थानीय लोग की महत्वपूर्ण भूमिका से गौरव दिवस मनाएं कहा कि चित्रकूट का इतिहास काफी यूगो से आ रहा है जो परंपरा है उसका सभी लोग समन्वय बनाकर करें एवं स्थानीय कार्यक्रम करने के लिए प्रेरित करें। उन्होंने कहा कि सतना जिला की तरफ से हम लोग कोऑर्डिनेटर कर करने के लिए प्रतिबद्ध है।

जिलाधिकारी चित्रकूट ने आए सभी जनप्रतिनिधियों एवं संत महात्माओं का धन्यवाद देते हुए कहां की हम लोग सभी संगठनों अधिकारियों व स्थानीय लोगों से समन्वय बनाकर चित्रकूट गौरव दिवस को सफल बनाया जाएगा उन्होंने होली की शुभकामनाएं दी। इस अवसर पर जिला पंचायत राज अधिकारी श्री इंद्र नारायण सिंह, पर्यटन अधिकारी श्री अनुपम श्रीवास्तव, अवनीश अवस्थी आलोक पांडे साहित्य अन्य जनप्रतिनिधि व संत महात्मा उपस्थित थे।

(5). पुलिस अधीक्षक चित्रकूट श्री अरुण कुमार सिंह द्वारा क्षेत्राधिकारी मऊ श्री यामीन अहमद की उपस्थिति में चौकी सरैया क्षेत्र के रम्पुरिया गांव में बच्चों व बच्चों के परिजनों में पिचकारी,रंग,गुलाल,रंग बिरंगी टोपी एवं मिठाईया वितरण कर बच्चों से बातचीत की गयी, जिससे बच्चे काफी प्रसन्न हुए। पुलिस अधीक्षक द्वारा कहा गया कि होली त्यौहार शान्तिपूर्ण और हर्षोल्लास पूर्वक सावधानी से मनाये। यह सब बच्चे आगनवाड़ी केन्द्र में पढ़ने जाते है, जो अच्छी बात है। पुलिस अधीक्षक द्वारा वहाँ पर मौजूद बच्चों के माता-पिता से अपील किया गया कि बच्चों को स्कूल अवश्य भेजे, जिससे बच्चों का सर्वांगीण विकास हो तथा उनका भविष्य उज्ज्वल हो। वहाँ पर मौजूद समस्त लोगो से इस बात की

अपील की गयी कि मादक पदार्थों का सेवन न करें, आज होलिका दहन का पर्व है,होलिका दहन मनाते समय सावधानी रखे जिससे आगजनी जैसी घटना न घटित होने पाये ।
इस अवसर पर प्रभारी निरीक्षक मानिकपुर श्री दुर्गविजय सिंह,प्रभारी निरीक्षक बहिलपुरवा श्री आशुषोत तिवारी,चौकी प्रभारी सरैया श्री रामअधार सिंह,पीआरओ श्री प्रवीण कुमार सिंह एवं अन्य कर्मचारीगण मौजूद रहे।

**(6).** आज दिनांक 13.03.2025 को पुलिस अधीक्षक चित्रकूट श्री अरुण कुमार सिंह के कुशल निर्देशन में होली त्यौहार व जुम्मे की नमाज को सकुशल संपन्न कराए जाने एवं शान्ति एवं सुरक्षा व्यवस्था के दृष्टिगत थाना राजापुर क्षेत्र के हनुमानगंज, देविन टोला, सराय तलैया, सर्राफा मार्केट एवं मिश्रित घनी आबादी क्षेत्र के विभिन्न स्थानों के आस पास भीड़ भाड़ वाले क्षेत्र में ड्रोन कैमरे से निगरानी की गयी।

**(7).** आज दिनांक 13.03.2025 को अपर पुलिस अधीक्षक चित्रकूट द्वारा क्षेत्राधिकारी मऊ श्री यामीन अहमद की उपस्थिति में थाना क्षेत्र मऊ एवं थाना क्षेत्र बरगढ़ में होलिका दहन स्थल का भ्रमण कर सुरक्षा व्यवस्था का जायजा लिया गया। अपर पुलिस अधीक्षक द्वारा प्रभारी निरीक्षक मऊ श्री विनोद कुमार राय की उपस्थिति में मऊ थाना क्षेत्र के कस्बा मऊ,लालता रोड,औरी,जोरवारा एवं थाना बरगढ़ के थानाध्यक्ष बरगढ़ श्री पंकज तिवारी की उपस्थिति में कलचिहा,जमिरा ,छतैनी एवं कस्बा बरगढ़ क्षेत्र के होलिका दहन स्थल का भ्रमण किया गया तथा लोगो से अपील की गयी कि मादक पदार्थों का सेवन न करे शान्तिपूर्ण एवं हर्षोल्लास से त्यौहार को मनाये। तत्पश्चात पैदल मार्च किया गया पुलिस टीमों द्वारा दुकानदारों, व्यापारीबंधुओं एवं क्षेत्रीय नागरिको से वार्ता कर सुरक्षा का भरोसा दिलाया।